# जी.एस.एस. से ग्राम पंचायत नाईयों की बस्ती क्षेत्र में 24 घंटे बिजली मिलेगी : भाटी

**बीकानेर,** (कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए विभाग निरन्तर प्रयास कर रहा है। ऊर्जा मंत्री भाटी सोमवार को ग्राम पंचायत नाईयों की बस्ती के नवीन 33/11 जीएसएस के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इसके निर्माण पर 1.62 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इस जीएसएस पर 1.62 करोड़ रूपये खर्च होंगे। इससे 4 फीडर निकलेंगे, जिनमें से तीन फीडर एग्रीकल्चर तथा एक फीडर गांव का 24 घंटे का होगा। 24 घंटे के फीडर से नाईयों की बस्ती और सालासर के विद्युत उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी की पेयजल स्कीम व घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को इसका लाभ होगा तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। जो फ्यूज ओवरलोड से जल जाते थे, उसमें कमी आयेगी। इसका फायदा केवल नाईयों की बस्ती ही नहीं मेघासर के किसानों को भी मिलेगा।

इसके निर्माण के बाद फीडरों की लम्बाई छोटी हो जायेगी, जिससे गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि नाईयों की बस्ती में कुछ समय पहले नवीन जीएसएस स्वीकृत किया गया था। जिसका आज शिलान्यास हुआ है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद ग्राम पंचायत नाईयों की बस्ती और उसके आसपास के क्षेत्र में बिजली की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि यहां की जीएसएस की मांग को आज पूरा किया गया है और इसकी आवश्यकता भी बहुत थी। वोल्टेज की समस्या से फसलें खराब हो रही थी। इसके बन जाने के बाद कृषि कुओं और घरेलू विद्युत आपूर्ति में गुणात्मक सुधार होगा।



**ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ( बीच में ) ने ग्राम पंचायत नाईयों की बस्ती में जी.एस.एस. का शिलान्यास किया।**

- **इस जीएसएस पर 1.62 करोड़ रूपये खर्च होंगे**
- **इससे 4 फीडर निकलेंगे, जिनमें से तीन फीडर एग्रीकल्चर तथा एक फीडर गांव का 24 घंटे का होगा**

उन्होंने जीएसएस के शिलान्यास की ग्राम वासियों को बधाई दी और कहा कि बिजली का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। आज बिजली के बिना कोई भी काम संभव नहीं। इसके तैयार हो जाने के बाद आस-पास के गांवों को वोल्टेज के साथ विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने एलएनटी कम्पनी के अधिकारियों को इसका कार्य शीघ्र करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्युत सुधार के लिए जिले में और जीएसएस बनेंगे।

उन्होंने कहा कि नाईयों की बस्ती ग्राम पंचायत के विकास कार्य करवाए गए हैं। इसे पहले नई ग्राम पंचायत का दर्जा दिया गया। पहले यह चाण्डासर पंचायत के अधीन थी। उन्होंने बताया कि इसका भवन बन चुका है। यहां के विद्यार्थियों को अब 12वीं तक की शिक्षा प्राप्त करने लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यहां की पेयजल की समस्या का समाधान के लिए एक नया ट्यूबवैल स्वीकृत हुआ है, जो शीघ्र बनकर तैयार होगा।

उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र कोलायत के विभिन्न विकास कार्यों के लिए विधायक निधि कोष से राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि इस ग्राम पंचायत के सालासर गांव में अम्बेडकर भवन के निर्माण के लिए विधायक निधि कोष से 15 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं। यह भवन शीघ्र ही बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने गांव सालासर में उप स्वास्थ्य केन्द्र और एक स्कूल की मांग पर कहा कि सालासर में उप स्वास्थ्य केन्द्र हाल ही में स्वीकृत हो चुका है। उन्होंने ग्राम पंचायत को उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए जमीन का पट्टा देने को कहा।

## घर से जेवर और नकदी चोरी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के नोहर क्षेत्र में छत के रास्ते घर में घुसकर चोर नकदी, सोने-चांदी के जेवरात और शादी की वीडियो फोटो की पेन ड्राइव चोरी कर ले गया।

नोहर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोहर थानाधिकारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि कृष्ण चन्द्र (59) पुत्र नन्दराम जाट निवासी किकराली हाल सेक्टर 5 नोहर जिला हनुमानगढ़ ने थाने में आकर रिपोर्ट दी कि वो नोहर के सेक्टर 5 में अपने जानकार नरसीराम के मकान में परिवार सहित रहता है। रात में परिवादी कृष्ण चन्द्र और परिवार के सदस्य खाना खाने के बाद कमरे में सो गए। रात के किसी समय कृष्णचन्द्र के किराये के मकान में एक व्यक्ति छत के रास्ते से घर में अवैध रूप से घुसकर दूसरे कमरे में रखी अलमारी खोलकर उसमें से 15 हजार रुपये नकदी, 3 सोने की बिन्टी, जिसमें दो जनाना एक जेन्ट्स, एक सोने का नाक की नॉजपीन, एक चांदी की पायजेब, चार चांदी के घुंघरू, एक शादी की फोटोज, वीडियो की पेन ड्राइव चोरी कर ले गया।

सुबह उठकर देखा तो अलमारी में सामान बिखरा पड़ा था। संभाल करने पर सामान चोरी करना पाया गया। परिवादी कृष्णचन्द्र ने पुलिस को बताया कि जब उसने सीसीटीवी कैमरा फुटेज देखे और इधर-उधर तलाश करने पर पता चला कि वशीम पुत्र असलम निवारिया निवासी वार्ड 10 कब्रिस्तान के पास नोहर ही उनके घर से सामान चोरी कर ले गया।

## सार-समाचार

### कानासर में शिविर का निरीक्षण किया



**कानासर में आपदा प्रबंधन मंत्री गोविन्द राम मेघवाल ने महंगाई राहत शिविर का निरीक्षण किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने सोमवार को खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कानासर में प्रशासन गांवों के संग और महंगाई राहत शिविर का निरीक्षण किया। आपदा प्रबंधन मंत्री ने लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड सौंपे और प्रशासन गांवों के संग के विभिन्न विभागों के स्टॉल्स का भी अवलोकन किया। आपदा प्रबंधन मंत्री ने गोद भराई, अन्नप्राशन और बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने भी कानासर में आयोजित शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर के कार्यों की समीक्षा की और प्रत्येक समस्या का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी और मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड भी वितरित किए। उन्होंने बचे हुए शिविरों में पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। स्टॉल्स का निरीक्षण किया। महंगाई राहत कैम्प, प्रशासन शहरों के संग तथा प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा



**श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।**

**बीकानेर,** (कासं)। योगी रामनाथ महाराज के सानिध्य में गोरख धोरा भीनासर श्रीमद्भागवत कथा का प्रारंभ आज कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। आयोजन से जुड़े मिलन गहलोत ने बताया कि कलश यात्रा आज सुबह गोरख धोरा से प्रारंभ हुई। कुम्हारों का मोहल्ला, अमरपुरा बास, मालियों का मोहल्ला, मुरली मनोहर मंदिर, मुरली मनोहर गौशाला से मुख्य रोड भीनासर, जवाहर विद्यापीठ से होते हुए गंगाशहर चौराहा सुजानदेसर रोड से होते हुए भाटियों का मोहल्ला से होते हुए गोरख धोरे पर पहुंची। वहां आरती के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं थी। सभी ने मिट्टी के बने कलश उसके ऊपर नारियल रख करके पूरे रास्ते कीर्तन करती चल रही थी। यात्रा में सबसे आगे डीजे पर हरिनाम कीर्तन चल रहा था। सभी संत अपने अलग-अलग वाहन व रथ पर बिराज रहे थे। संत महात्माओं में महामंडलेश्वर सरजू दास महाराज, राजूनाथ महाराज कोठारी, योगी रामचंद्र महाराज, दीपक नाथ आदि उपस्थित थे। कलश यात्रा का जगह-जगह पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

### शिक्षकों ने पौधारोपण किया



**रा.उ.मा.वि. पवनपुरी दक्षिण विस्तार के परिसर की वाटिका में शिक्षकों ने पौधारोपण किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। राउमावि पवनपुरी दक्षिण विस्तार बीकानेर के विद्यालय परिसर की वाटिका में तथा परिसर के बाहर सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में गुलाब, मीठा नीम, अमरूद, तुलसी, मोगरा, चमेली के पौधे लगाते हुए इन पौधों को वृट वृक्ष बनाने का संकल्प शिक्षकों द्वारा लिया गया तथा साथ ही दो बड़े पाम के पेड़ भी लगाये गये। इस अवसर पर पार्षद पुनीत कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा किया जा रहा पौधारोपण व पेड़ लगाने का कार्यक्रम सराहनीय है। उन्होंने पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। दो बड़े पाम के पेड़ पर्यावरण प्रेमी शंकरलाल मोदी तथा पौधे बसन्त कुमारी शर्मा द्वारा उपलब्ध करवाये गये।

# दलित युवती से गैंगरेप का मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

- **मुख्य आरोपी दिनेश बिश्नोई का फोन बंद, परिवार से भी नहीं कर रहा बात**
- **आखिरी लोकेशन भी छह दिन पुरानी**

**बीकानेर,** (कासं)। खाजूवाला में दलित युवती के साथ गैंगरेप और फिर हत्या के मामले में मुख्य अभियुक्त करीब एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगा। दरअसल अभियुक्त पुलिस कर्मियों के साथ ही दिन गुजारता था। ऐसे में उसे पुलिस से बचने के तरीके भी पता है। न तो उसकी लाइव लोकेशन पुलिस को मिल रही है। न ही उसने परिजनों से संपर्क किया है। ऐसे में घटना के छह दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है।

दरअसल घटना वाले दिन 19 जून को दोपहर बारह बजे के बाद भी आरोपी दिनेश बिश्नोई का मोबाइल ऑन था। दलित युवती की मौत के बाद उसे समझ आ गया कि अब खाजूवाला में रहना उसके लिए मुश्किल हो सकता है। ऐसे में उसने तुरंत खाजूवाला छोड़ दिया। करीब दो-तीन घंटे तक उसका मोबाइल ऑन रहा, लेकिन बाद में बंद हो गया। सूत्रों की माने तो अब तक की जांच में सामने आया कि वो बीकानेर शहर से होकर निकला था, लेकिन इसके बाद मोबाइल ऑफ हो गया। उसकी अंतिम लोकेशन भी करीब छह दिन पुरानी है। ऐसे में अब इस लोकेशन के आधार पर वो पकड़ में नहीं आ रहा।

दिनेश बिश्नोई पुलिस के हाथ नहीं लग रहा। यहां तक कि कोई लिंक भी पुलिस के हाथ नहीं लग रहा है। इसीलिए आईजी बीकानेर ने ईनामी राशि बढ़ाई गई है। पहले तो पच्चीस हजार का पुरस्कार रखा गया। इसके बाद भी कोई इनपुट नहीं मिला तो इसे बढ़ाकर 40 हजार रूपये कर दिया गया। इसके बाद भी कोई इनपुट पुलिस के हाथ नहीं आया। उधर पुलिस ने दिनेश बिश्नोई के पिता ओमप्रकाश को हिरासत में ले रखा है। सोचा कि पिता के कारण दबाव में आकर दिनेश आत्म समर्पण कर देगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। उस पर आरोप है कि दिनेश को भगाने में उसका योगदान रहा है। उसे अदालत में पेश करके रिमांड भी लिया गया है। हालांकि इससे भी पुलिस को कोई इनपुट नहीं मिल पाया।

पुलिस बीकानेर के अलावा राजस्थान के कई शहरों में दिनेश बिश्नोई की तलाश कर रही है। न सिर्फ राजस्थान बल्कि पंजाब, हरियाणा, गुजरात, मध्यप्रदेश सहित कई पड़ौसी राज्यों में पहुंचकर पुलिस दिनेश का पता लगा रही है। यहां तक कि उसके नेपाल भागने की आशंका है। पुलिस उसका पीछा हर स्तर पर कर रही है। पुलिस की 7 टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं।

खाजूवाला थाने में पहले पदस्थापित रहे पुलिस अधिकारियों और निरीक्षकों से भी सहयोग लिया जा रहा है। उनके लोकल संपर्क के आधार पर पुलिस मुखबिर तैयार कर रही है। ताकि पता चल सके कि वो कहां जा सकता है। दिनेश के एक-एक रिश्तेदार पर नजर रखी जा रही है।

## साहित्यकार ममता विद्यार्थियों से रूबरू

**बीकानेर,** (कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित आरएसवी उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज विद्यार्थियों से ख्यातनाम साहित्यकार ममता कालिया रूबरू हुई।

विद्यार्थियों से अपने अनुभव को साझा करते हुए ममता कालिया ने विद्यार्थियों से साहित्य समाज और विद्यार्थी विषय पर चर्चा की। विद्यार्थी साहित्य को अवश्य पढ़ें जब भी जीवन में कोई बोरियत हो तो कोई अच्छी पुस्तक पढ़ें। इससे आपको सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। साहित्य आपको निर्मल और सरल बनाता है। अपने घर में अपनी पुस्तकों को सुंदर रूप से रखें यह आपको अवश्य प्रेरित करेंगी। चाहे वह आपकी टेबल का एक कोना ही क्यों ना हो। विद्यार्थी यदि जीवन में डायरी लिखने की आदत डालते हैं तो यह आदत उनके जीवन में अद्‌भुत परिवर्तन ला सकती है। किसी भी विद्यार्थी के लिए भविष्य में पैसा कमाना कोई मुश्किल काम नहीं है परंतु अच्छा इंसान बनने का सबसे सही समय विद्यार्थी जीवन ही है जो आदतें और संस्कार आपके जीवन में घर कर गए। वहीं संपूर्ण जीवन में आपके मार्ग को प्रशस्त करेंगे।

# घरों की नींव में पहुंचा बरसाती पानी

- **सीवरेज कंपनी की गलती, कंपनी ने कहा नाली से रिसा पानी**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर के सौ फीट रोड के पास वार्ड 47 के इलाके में देर रात आई बरसात का पानी घरों की नींव में पहुंच गया। इससे इन घरों के नीचे की तरफ गड्ढे बन गए और इनके गिरने की आशंका हो गई।

लोगों का कहना है कि सीवरेज कंपनी ने यहां सड़क और चैम्बर बनाते समय लापरवाही बरती और अच्छे से सड़क बनाने का काम नहीं किया। वहीं कंपनी के प्रतिनिधियों ने इसे खराब नाली निर्माण का नतीजा बताया। सीवरेज कंपनी का कहना है कि घरों को पहुंचे नुकसान में कंपनी की कोई गलती नहीं है। लोगों ने जो नालियां बनवा रखी थी। इसी में से पानी रिसकर घरों की नींव में पहुंचा है। इस बीच घरों की नींव में पानी पहुंचने से मकान मालिकों को नुकसान की आशंका सताती रही।

देर रात बरसात के बाद वार्ड 47 के लोग जब उठे तो उन्हें घरों के बाहर गड्ढे और जमीन धंसी हुई मिली। उन्होंने तुरंत इस बारे में पार्षद कृष्ण कुमार को सूचना दी। कृष्ण कुमार ने इस बारे में यूआईटी को सूचित किया। दोपहर बाद सीवरेज निर्माण कंपनी के अधिकारियों ने भी मौका मुआयना किया। लोगों का कहना था कि सीवरेज कंपनी के पूरी तरह ध्यान नहीं देने के कारण मकानों की नींव में पानी बैठ गया।

सीवरेज कंपनी ने सड़क सही तरीके से नहीं बनवाई। इसी कारण मकानों को नुकसान हुआ है। अमित अग्रवाल का कहना था सीवरेज कंपनी ने पूरी तरह ध्यान दिया होता तो मकानों को यह नुकसान नहीं होता। वहीं भवानी का कहना था कि उनके घरों को पानी लग जाने से काफी नुकसान हुआ है। इलाके की महिलाओं का कहना था कि पार्षद को सूचना दे दी गई लेकिन अब तक रिपेयरिंग नहीं हुई है। जहां एक ओर लोगों का आरोप था कि सीवरेज कंपनी के सही तरीके से सड़क नहीं बनाने और इसमें नीचे खोखली जगह छोड़ देने से नुकसान हुआ है। साइट इंचार्ज इसे कंपनी की गलती नहीं मानते।

# ससुराल में सीढ़ियों से फिसलने से दामाद की मौत

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। पंजाब निवासी एक युवक की श्रीगंगानगर ससुराल में हादसे के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। जवाहर नगर पुलिस ने मृतक के साले की तरफ से दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की है।

जवाहर नगर थाना के कार्यवाहक एसएचओ चंद्रभान चौधरी ने बताया कि फरीदकोट जिले के बठिंडा मोड़ जैतों निवासी 31 वर्षीय विक्की धानक श्रीगंगानगर में गुरूनानक बस्ती स्थित ससुराल अपनी पत्नी तथा दोनों बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद लेने आया था। उसे ट्रेन पर वापस जाना था। रात को खाना खाने के बाद मकान की दूसरी मंजिल की छत पर सो गया। किसी समय लघु शंका के लिए उठकर जीर्ण शीर्ण सीढियों से नीचे उतर रहा था कि पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी। उसे परिवार के सदस्य तुरंत ही अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो सामने आया कि दूसरी मंजिल की छत तक जाने को सीढियां काफी खड़ी हुई लगी हैं और उनकी हालत भी अच्छी नहीं है। इस कारण रात के अंधेरे में यह हादसा हुआ और युवा लड़के की मौत हो गई।

## तीन किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने 2 किलो 975 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने रविवार को टीम द्वारा गश्त व चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान जेगला निवासी राजेन्द्र बिश्नोई से रोककर पूछताछ की गई। तलाशी में 2 किलो 975 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद किया गया। इस पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# शहर के प्रमुख पार्कों एवं चौराहों का रखरखाव करेंगी संस्थाएं

- **इन संस्थाओं के साथ एमओयू किया जाएगा**

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के प्रमुख पार्क एवं चौराहे विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा रख-रखाव की दृष्टि से गोद दिए जायेंगे। इसके लिए नगर विकास न्यास द्वारा इन संस्थाओं के साथ शर्तों पर आधारित एमओयू किया जायेगा।

जिला कलेक्टर एवं न्यास अध्यक्ष भगवती प्रसाद कलाल ने सोमवार को शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पब्लिक पार्क सहित शहर के प्रमुख सार्वजनिक पार्क तथा सर्किल्स का प्रशासन द्वारा समय-समय पर जीर्णोद्धार एवं रखरखाव किया जाता है। इसके नियमित देखरेख में जन भागीदारी भी हो, इसके मद्देनजर न्यास द्वारा यह एमओयू किए जाएंगे। उन्होंने सभी संस्थाओं को एक सप्ताह में रख-रखाव संबंधी प्रस्ताव उपलब्ध करवाने के लिए कहा है। वहीं न्यास के अधिकारियों को सौंदर्यकरण और रखखाव संबंधित कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

इस दौरान तुलसी सर्किल के पास 'फ्लावर पाथ' विकसित करते हुए यहां विभिन्न प्रजातियों के फूलों के पौधे लगाने, टॉय ट्रेन पार्क को चालू करने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा, वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष डॉ. एस.एन. हर्ष, समाजसेवी नरेश चुग, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डी.पी. पच्चीसिया, लीड बैंक मैनेजर वाई.एन. व्यास, मुक्ति संस्थान के हीरालाल हर्ष आदि मौजूद थे।

# प्रवेश के लिए नामांकन से वंचित बच्चों का डोर टू डोर सर्वे जल्द पूरा करवाएं : कलाल

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि जिले में नामांकन से वंचित बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिए डोर टू डोर सर्वे जल्द पूरा करवाएं।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग प्रवेशोत्सव के दौरान स्कूल से वंचित बच्चों का चिन्हीकरण करवाते हुए नामांकन से वंचित समस्त बच्चों को स्कूल में पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी नामांकन के लिए इस संबंध में सर्वे किया जाए तथा पात्र बच्चों को पंजीकृत करवाएं।

जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना में दूध वितरण, स्मार्ट टीवी की स्टडी रिपोर्ट सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की। भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि स्टार मार्क, लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग सहित महत्वपूर्ण बिन्दुओं के संबंध में दिए गए निर्देशों की अनुपालना रिपोर्ट 3 दिन में भिजवाई जाए। यदि 7 दिन में संबंधित विभाग द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो संबंधित डीएलओ को रिपोर्ट लेकर व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होना होगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए समस्त माइंस को म्यूटेशन में दर्ज किया जाए तथा क्षेत्र से बाहर खनन कर रहे माइंस के संबंध में सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिला कलेक्टर ने सिलिकोसिस की पेंडेंसी प्राथमिकता से खत्म करने के निर्देश दिए।



**बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ( बायें ) ने अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक को संबोधित किया।**

- **कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए**

उन्होंने कहा कि संबंधित श्रमिकों को स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्ट के लिए आयोजित होने वाले शिविर की समय पर सूचना भिजवाई जाए। बैठक में आंगनबाड़ी के रिक्त पदों को जल्द करवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही पोषाहार वितरण, उड़ान योजना के तहत सेनेटरी नैपकिन वितरण सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की गई।

इस दौरान कृषि, कृषि विपणन, पशुपालन सांख्यिकी, आयोजना विभाग सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी यक्ष चौधरी भी मौजूद थे।

# सीकर की आर.के. गैंग के बदमाश श्रीगंगानगर से गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। यहां लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देने आये सीकर की आर. के. गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। तीन बदमाश सीकर, झुंझुनूं और दो श्रीगंगानगर के रहने वाले हैं। गैंग का मुखिया रविन्द्र कटेवा झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ थाने का हिस्ट्रीशीटर और कुख्यात बदमाश है। वह कई दिन से फरार था। उस पर हत्या, लूट, हत्या के प्रयास, डकैती, मारपीट, आर्म्स एक्ट, डकैती की योजना बनाने सहित कई मामले दर्ज है।

लालगढ़ जाटान एसएचओ परमेश्वर सुथार को इलाके में कुछ लोगों के डकैती की योजना बनाने की जानकारी मिली। इस पर कार्रवाई कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पांच लोगों में झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ थाने का हिस्ट्रशीटर रविन्द्र कटेवा पुत्र राजेंद्र कटेवा शामिल है। वह खिरोड़ ग्राम पंचायत के केमरी की ढाणी का रहने वाला है।

उसके साथ सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के रोटू बड़ी के रहने वाले सुनील कुमार (27) पुत्र शीशराम ढाका को भी गिरफ्तार किया गया है। सुनील सीकर के एनएसयूआई अध्यक्ष की हत्या के मामले में लिप्त रहा है। उस पर चोरी, हत्या और मारपीट के मामले दर्ज है। वह सीकर के उद्योग नगर और दादिया थाना क्षेत्र में फिरौती और मारपीट के मामलों में फरार चल रहा है।

श्रीगंगानगर के जवाहर नगर थाना क्षेत्र के गुरुनानक बस्ती के रहने वाले नीरज पुत्र राजू उर्फ राजकुमार, श्रीगंगानगर के अशोकनगर बी जनता कॉलोनी के रहने वाले यश गुप्ता और सीकर के बलारा का रहने वाला अनिल भार्गव को भी गिरफ्तार किया। इनके पास से एक पिस्टल, तीन कारतूस, एक कापा, एक तलवार, चार डंडे, मिर्ची पाउडर और जीप मिले हैं।

दो साथी मौके से भागने में कामयाब हो गए। इनमें झुंझुनूं जिले के मुकंदगढ़ थाना क्षेत्र के बलरिया निवासी मनोज पुत्र सुरेंद्र सिंह और सीकर जिले के बलारा थाना क्षेत्र के चलका की ढाणी निवासी सुरेंद्र चलका शामिल हैं।


**आम सूचना**

हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल सुन्दरलाल पुत्र श्री रामसुख छींपा निवासी खारिये कुए के पास, छीपों का मौहल्ला, रानी बाजार, बीकानेर का पुत्र मनोज छींपा एवं उसकी पत्नी राधा देवी मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं है तथा सन् 2007 से मेरे मुवक्किल से अलग रिहायश कर रहे है एवं मेरे मुवक्किल से किसी भी प्रकार का सम्पर्क नहीं रखते है ना ही मेरे मुवक्किल के कहने में है। इसलिए मेरा मुवक्किल अपनी समस्त चल व अचल सम्पतियों से अपने पुत्र मनोज छींपा एवं पुत्रवधु राधा देवी को बेदखल करता है। यदि मेरे मुवक्किल के पुत्र मनोज छींपा एवं पुत्रवधु राधा देवी से कोई भी व्यक्ति संव्यवहार करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उस शख्स स्वयं की होगी उसके लिए मेरे मुवक्किल कत्तई उत्तरदायी नहीं होगा। यह आम सूचना दिनांक 27.06.2023मेरे हस्ताक्षरों द्वारा बमुकाम बीकानेर में जारी की गयी।

(सुनील कुमार देवड़ा)
एडवोकेट